an>

Title: The Minister of Road Transport and Highways and Shipping laid a statement regarding launching a web portal named 'inam-pro-platform for infrastructure and material providers'.

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री तथा पोत परिवन मंत्री (श्री नितिन गडकरी) : माननीय अध्यक्ष जी, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने सड़कों की गुणवत्ता और जीवन-पर्यन्त में सुधार लाने और अनुरक्षण की लागत कम करने के लिए अगुणी पहल की है। मंत्रालय निर्माण की लागत को 25-30 प्रतिशत तक नीचे लाने का इच्छुक है। यह निर्माण सीमेंट, स्टील, बिटूमन आदि सामग्री की लागत को कम करके और नई प्रौद्योगिकियों को अपना कर और मिट्टी को बदलकर सॉयल स्येबलाइजर, आयरन स्लेग जैसी सामग्री, जहां कहीं संभव होगा, को अपनाकर विभिन्न पहलें शुरु करके सुनिश्चित किया जा सकेगा जिससे सड़कों की गुणवत्ता और जीवन-पर्यन्त को सुधारने के लिए अपेक्षित कच्ची सामग्री की मात्रा को कम करने में सहायता मिलेगी।

2. हम सभी को सीमेंट की बढ़ती लागत के बारे में पता है। तथापि, मेरे मंत्रालय द्वारा कराए गए अध्ययन में सुझाया गया है कि सीमेंट कंक्रीट सड़कों की जीवन-पर्यन्त लागत बिटूमन सड़कों से कम होती है और यह गुणवत्ता भी बढ़ाती है तथा इनके लिए कम रख-रखाव अपेक्षित होता है। मेरे मंत्रालय ने अनुरक्षण के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च किये हैं और अभी भी लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ता है। इस संदर्भ में, मेरे मंत्रालय ने सीमेंट-कंक्रीट सड़कों का निर्माण करने का नीतिगत निर्णय लिया है।

3. मुझे इस सदन को यह सूचित करते हुए हर्ष हो रहा है कि पिछले सप्ताह हमने देश में सीमेंट की आपूर्ति की मोनिटरिंग करने के लिए 'आईएनएएम-पीआरओ-प्लेटफॉर्म फॉर इफ्रास्ट्रक्चर एंड मैटीरियल प्रोवाइडर्स' नामक वेब-पोर्टल शुरु किया है। इस पोर्टल पर हमने 36 सीमेंट कंपनियां, जिनके भारत में 103 स्थानों पर विनिर्माण प्लांट हैं, को मौजूदा बाजार मूल्य से बहुत सस्ते मूल्य पर सीमेंट की आपूर्ति करने के लिए पंजीकृत किया है।

4. सीमेंट कंपनियों ने इस पोर्टल पर वैश्विक निविदा के माध्यम से अपनी क्षमताएं और प्रति यूनिट ऑफर मूल्य भेजे हैं। ठेकेदार फैक्टरियों से अपनी पसंद की सीमेंट आपूर्ति प्राप्त करने के लिए आर्डर भेज सकते हैं, क्रेताओं द्वारा परिवहन लागत और कर वहन किया जायेगा। हमें 120 रुपये प्रति बैग पोर्टलैंड स्लैग सीमेंट की न्यूनतम दरें प्राप्त हुई है। प्राप्त हुई अन्य दरें ओपीसी 43 ग्रेड के लिए 150 रुपये प्रति बैग, ओपीसी 53 ग्रेड के लिए 157 रुपये प्रति बैग पोर्टलैंड पोज्जोलाना (पीपीसी) ग्रेड के लिए 140 रुपये प्रति बैग हैं।

5. इस पहल से इंफ्रा परियोजनाओं के लिए सीमेंट की कीमत 30 प्रतिशत से अधिक घट जायेगी। पोर्टल पर ऑफर की गई सीमेंट न केवल राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए प्रतिबंधित है, बल्कि यह केन्द्रीय और राज्य सरकारों के सभी मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों, स्थानीय निकायों और महानगर निगमों, जो इस ठेका दर को अपनी सीमेंट की आवश्यकताओं के लिए प्रयोग कर सकते हैं, के लिए भी प्रतिबंधित हैं। चूंकि यह एक अगुणी पहल है, इसलिए मैंने इस पहले के बारे में संसद को सूचित करने की अपनी जिम्मेदारी महसूस की है।

6. मैं इस अवसर पर अपने मंत्रालय द्वारा शुरू की गई लोगों के अनुकूल एक अन्य पहल के बारे में संसद को सूचित करना चाहता हूं। हमने 100 करोड़ रुपये से कम से पूंजी निवेश की सार्वजनिक वित्त परियोजनाओं और इस श्रेणी के स्टैंड-ऐलोन पुलों पर पथकर संग्रहण बंद करने का निर्णय लिया है। इन परियोजनाओं में अधिकतम लागत वसूल कर ली गई है। आज की तारीख तक ऐसे 62 टोल प्लाजा समाप्त कर दिए गए हैं। ब्यौरा अनुलग्नक - 1 में संलग्न है।

7. हम पीपीपी परियोजनाओं पर जिनकी परियोजना लागत 100 करोड़ रुपये से कम है और उनकी अधिकतम लागत वसूल कर ली गई है, उनके संविदागत मुद्दों का समाधान करने के पश्चात पथकर को समाप्त करने की संभावना की भी तलाश कर रहे हैं।

12.07 hrs.